आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 31.01.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड और फिट इंडिया मूवमेंट के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत खिलाड़ियों का पदक जीतने का सिलसिला जारी। उत्तराखंड ने अब तक 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीते।
- अल्मोड़ा में योगासन व पिथौरागढ़ में बॉक्सिंग स्पर्धाएं आज से शुरू होंगी।

केंद्रीय बजट

संसद का बजट सत्र आज से शुरू होगा। सत्र की शुरुआत संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन से होगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण पहली फरवरी को संसद में वर्ष 2025–26 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। आकाशवाणी से बातचीत में उत्तराखंड उद्योग संघ के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि उद्योग जगत को आगामी बजट से काफी उम्मीदे हैं। उनका कहना है कि सरकार को जीएसटी और स्किल जैसे क्षेत्रों में आगामी बजट में विशेष प्रावधान करने होंगे, ताकि भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके।

सीएम बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड, स्वच्छता और फिट इंडिया मूवमेंट के लिए बेहतर कार्ययोजना के साथ अभियान चलाने के निर्देश दिए। नई दिल्ली से अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ने प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर चलाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड अपने नैसर्गिक सौन्दर्य के साथ पर्यटन और जैव विविधता के दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। श्री धामी ने कहा कि पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए सबको मिलकर प्रयास करने हैं।

एआई

केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि भारत बहुत जल्द किफायती और देश में ही निर्मित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस– एआई मॉडल लॉच करेगा। नई दिल्ली में मीडिया को यह जानकारी देते हुए केन्द्रीय इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि विश्व में इस प्रकार के मॉडल के एक घंटे इस्तेमाल पर ढाई से तीन डॉलर का खर्च आता है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के भारतीय मॉडल के एक घंटे के इस्तेमाल का खर्च 40 प्रतिशत सरकारी सब्सिडी के बाद 100 रुपये प्रति घंटे होगा। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि आकर्षक अर्धवार्षिक और वार्षिक योजनाएं इसे और अधिक किफायती बनाएंगी।

ऑनलाइन आवेदन

प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी और सहायिका के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 8 फरवरी निर्धारित कर दी है। इन पदों के लिए आवेदन की पहले अंतिम तिथि 31 जनवरी तय की गई थी। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या के निर्देश पर आवेदन का समय बढ़ाया गया है। अब तक सात हजार 38 पदों के लिए 50 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

बदरीनाथ  कपाट

श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नृसिंह मंदिर ज्योर्तिमठ में पूजा–अर्चना के बाद तेल कलश गाडू घड़ा बदरी पांडुकेश्वर पहुंचा। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि योग बदरी पांडुकेश्वर में पूजा–अर्चना बाद आज तेल कलश पुनः श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ पहुंचेगा। 2 फरवरी को गाडूघड़ा तेल कलश राजमहल नरेंद्र नगर पहुंचेगा और श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होगी।

राष्ट्रीय खेल

और अब खबर खेल जगत से––– 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत प्रदेश में चल रही विभिन्न स्पर्धाओं में कर्नाटक 7 स्वर्ण पदक के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। मणीपुर छह स्वर्ण के साथ दूसरे और महाराष्ट्र 4 स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। एक स्वर्ण और 2 कांस्य पदक के साथ उत्तराखंड 13वें पाएदान पर पहुंच गया है।

राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों का मार्शल आर्ट वुशु में शानदार प्रदर्शन जारी है। इस प्रतियोगिता में अबतक तीन पदक राज्य के खाते में जा चुके हैं। प्रतियोगिता में देहरादून के अचोम तपस ने राज्य के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।

वहीं, हरिद्वार के विषम कश्यप ने कांस्य पदक जीतकर कर जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। साथ ही देहरादून के नीरज जोशी, उत्तराखंड पुलिस में तैनात लंबिश कुंवर, शुभम चौधरी और देहरादून के साहिल कुरैशी को कांस्य पदक मिलना तय है।

राज्य में कल हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शूटिंग में तमिलनाडु की नर्मदा नितिन राजू ने 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। साइकलिंग में कर्नाटक के नवीन थोमस जॉन और महाराष्ट्र की पूजा बबन दानोले ने अपने–अपने राज्यों के लिए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, शिवपुरी में आज बीच हैंडबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उत्तराखंड और सर्विसेज के बीच खेला जाएगा। आकाशवाणी से बातचीत में उत्तराखंड के हेंडबॉल कोच मोहिंदर सिंह रावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड को स्वर्ण पदक जीतने की पूरी उम्मीद है।

<u>योगासन अल्मोड़ा</u>

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत आज से अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा खेल स्टेडियम योगासन की प्रतियोगिताएं शुरू होने जा रही हैं। ये स्पर्धाएं आगामी 4 फरवरी तक चलेंगी। इसके लिए देश के 22 राज्यों के 169 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ज़िला क्रीडा अधिकारी महेशी आर्या ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जुटा ली गयी हैं।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता

प्रदेश का सीमांत जिला पिथौरागढ़ बॉक्सिंग प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। आज से शुरू हो रही इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड की महिला और पुरुष टीम भी पूरा दमखम दिखाने को तैयार है। इसके लिए उत्तराखंड की 13 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है जिसमें 6 महिलाएं और सात पुरुष शामिल है। उत्तराखंड महिला टीम की कोच रिचा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों को लेकर उत्तराखंड की महिला और पुरुष दोनों ही टीमों ने कड़ी तैयारी की है।

बॉक्सिंग स्पर्धा में भाग लेने वाले उत्तराखंड के अधिकांश खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुके हैं। राज्य की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी काजल फर्स्वाण का कहना है कि उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत की है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों को सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है– राष्ट्रीय खेल में बने दो राष्ट्रीय रिकार्ड, एक की हुई बराबरी। अमर उजाला ने लिखा है– वुशु में चमका उत्तराखंड। दो कास्य पदक जीते, चार हो गये पक्के।

उत्तरकाशी सेब घोटाले की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। हिंदुस्तान लिखता है–उत्तरकाशी सेब घोटाले की अब होगी एसआईटी जांच। राष्ट्रीय सहारा ने सहकारिता मंत्री के हवाले से लिखा है– बख्शे नहीं जाएंगे घोटाले के आरोपी।